भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health and Family Welfare, Government of India

विज्ञापन सं.: 01/वाईपी-II/एनसीडी/2025-26 दिनांक: 08.07.2025

## भर्ती अधिसूचना

आईसीएमआर एनसीडी प्रभाग के अंतर्गत कार्य-प्रबंधन के लिए पूर्णतः संविदा आधार पर **दो युवा पेशेवर-II** की नियुक्ति करने का प्रयोजन रखता है।

अनिवार्य अर्हकताएं एवं अन्य विवरण निम्नानुसार हैं:

| | | |
|---|---|---|
| **1.** | **पदनाम** | युवा पेशेवर-II (प्रशासन) |
| | **पदों की संख्या** | 2 (दो) (अनारक्षित) |
| | **अनिवार्य अर्हकताएं और अनुभव** | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/कॉलेज से कम से कम 55% अंकों के साथ किसी भी विषय में स्नातकोत्तर। उम्मीदवार के पास संबंधित क्षेत्र में योग्यता अर्जित करने के बाद का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए। |
| | **पद से अपेक्षित कार्य** | • प्रभाग के अनुसंधान और कार्यक्रम की गतिविधियों से संबंधित समन्वय और कार्यान्वयन में सहायता करना।<br>• परियोजना प्रबंधन और कार्यान्वयन से संबंधित प्रशासन और अन्य कार्यालयी कार्यों में सहायता करना।<br>• अनुसंधान कार्य, परियोजना से संबंधित पूछताछ और अन्य प्रशासनिक कार्यों में सहायता के लिए परियोजना निधि, स्वीकृति और जारी धनराशि का प्रबंधन करना।<br>• वर्चुअल मीटिंग प्लेटफ़ॉर्म, लेखा-परीक्षा, कार्यालय प्रशासन और लेखा/वित्त एवं लेखा तथा कंप्यूटर में दक्षता (एमएस वर्ड/एक्सेल/पावरपॉइंट आदि) का ज्ञान एक अतिरिक्त लाभ होगा। |
| | **समेकित परिलब्धियाँ** | 42,000/-रुपये (समेकित) |
| | **आयु-सीमा** | 40 वर्ष |
| | **कार्यकाल** | एक वर्ष (आवश्यकतानुसार बढ़ाया जा सकता है)) |
| | **कार्यस्थल** | परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली |

**आवेदन कैसे करें:** इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप (संलग्न) में अपना आवेदन, अपनी योग्यता और अनुभव प्रमाण पत्र के साथ 29.07.2025 तक ई-मेल- ncd2.icmrhq@gmail.com पर भेज सकते हैं। देरी से/विलंब से प्राप्त होने वाले/अपूर्ण आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और कोई कारण बताए बिना, सूचना या पत्राचार किए बिना तुरंत अस्वीकार कर दिया जाएगा। अत: उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना आवेदन समय पर प्रस्तुत करें

**सामान्य नियम और शर्तें: -**

1. पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।
2. ये पद अस्थायी परियोजनाओं के लिए हैं और परियोजनाओं की समाप्ति के साथ ही समाप्त हो जाएंगे।
3. उपर्युक्त विज्ञापित पदों की नियुक्ति धन की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगी। अत: आईसीएमआर सभी विज्ञापित पदों को भरने के लिए प्रतिबद्ध नहीं है और यह प्रक्रिया किसी भी समय वापस ली जा सकती है/रद्द/संशोधित की जा सकती है।
4. आयु सीमा की कट-ऑफ तिथि आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख होगी।
5. आयु में छूट आईसीएमआर के दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी।
6. योग्यता और अनुभव संबंधित विषय/क्षेत्र में और किसी प्रतिष्ठित संस्थान से होना चाहिए। न्यूनतम अर्जित योग्यता करने के बाद का अनुभव होना चाहिए।
7. केवल अर्जित योग्यता पूरी करना ही चयन की गारंटी नहीं है।
8. किसी भी सरकारी विभाग/संगठन के तहत पहले से ही नियमित समय-वेतनमान में कार्यरत व्यक्ति आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।
9. साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा में भाग लेने के लिए कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं दिया जाएगा तथा अभ्यर्थियों को परिवहन/आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
10. आईसीएमआर किसी भी आवेदन/उम्मीदवारी पर विचार करने या उसे अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
11. चयन प्रक्रिया के दौरान गलत या झूठी जानकारी प्रस्तुत करने पर किसी भी स्तर पर उम्मीदवारी अयोग्य घोषित मानी जाएगी।
12. नियुक्त व्यक्तियों की नियुक्ति सामान्यतः आईसीएमआर मुख्यालय में की जाएगी; हालाँकि, उन्हें किसी भी स्थान पर नियुक्त किया जा सकता है। उन्हें देश के किसी भी भाग में सेवा करनी होगी।
13. उपर्युक्त पदों पर कार्यरत व्यक्तियों का आईसीएमआर या इसके किसी भी संस्थान/केंद्र या भारत सरकार के किसी भी विभाग में नियमित पद पर कोई दावा **नहीं** होगा और आईसीएमआर में किसी एक या एक से अधिक परियोजनाओं/सेवा में ब्रेक सहित या बिना ब्रेक के उनकी परियोजना अवधि उन्हें किसी अन्य परियोजना में आगे कार्यभार सौंपने या स्थानांतरण या नियुक्ति/समावेशन/ नियमितीकरण का कोई अधिकार नहीं देगी। उपरोक्त पदों पर भविष्य निधि, पेंशन योजना, अवकाश यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा, स्टाफ क्वार्टर और आईसीएमआर के नियमित कर्मचारियों के लिए लागू अन्य सुविधाओं आदि के लाभ स्वीकार्य नहीं हैं।
14. सफल उम्मीदवारों को सामान्यतः आवश्यकताओं के आधार पर, प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि के लिए उपरोक्त पदों पर नियुक्त किया जाएगा। नियुक्ति की निरंतरता/विस्तार कार्य-निष्पादन के मूल्यांकन, धन की उपलब्धता, कार्यात्मक आवश्यकताओं और सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करेगा।

15. आईसीएमआर कोई कारण बताए बिना सहमत संविदा अवधि या विस्तारित संविदा अवधि के दौरान भी पदों को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
16. इन पदों के लिए छुट्टी आईसीएमआर की नीति के अनुसार देय होगी।
17. अभ्यर्थी को निर्धारित प्रारूप में विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र, अपनी नवीनतम पासपोर्ट आकार के रंगीन फोटोग्राफ, विस्तृत बायोडाटा/सी.वी. और सभी संबंधित दस्तावेज़ों के साथ, जो **स्व-सत्यापित** हों, अपनी शैक्षिकण योग्यता [दसवीं कक्षा से आगे के सभी प्रमाणपत्र और अंकतालिकाएँ], कार्य अनुभव, आयु, जाति और **फोटो पहचान पत्र** [आधार कार्ड/भारतीय पासपोर्ट/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस] आदि के प्रमाण के रूप में, आवेदन जमा करने की निर्धारित तिथि और समय के भीतर जमा करना होगा। ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। विलंबित/अपूर्ण/अहस्ताक्षरित आवेदनों पर बिल्कुल भी विचार नहीं किया जाएगा और इस संबंध में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा।
18. आईसीएमआर अपने विवेकानुसार किसी भी समय प्रक्रिया को रद्द/संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
19. सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।
20. किसी भी रूप में दवाब डालना अयोग्यता मानी जाएगी।
21. इस विज्ञापन के संबंध में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/अन्य जानकारी, यदि कोई हो, केवल आईसीएमआर की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। अतः उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे इस विज्ञापन से संबंधित अन्य अपडेट के लिए नियमित रूप से वेबसाइट: https://www.icmr.nic.in देखें।

हस्ताक्षर

(दिनेश सोनी)
वरि. प्रशासन अधिकारी